वित्तीय स्वीकृति 2018-19

संख्या-७/२०१८/४६३/52-2-18- 2(३)/2018

प्रेषक,

शेषमणि पाण्डेय,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
अल्पसंख्यक कल्याण,
उ0प्र0, लखनऊ।

अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 25 अप्रैल, 2018

विषयः वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिये वसीका कार्यालय, लखनऊ के अधिष्ठान व्यय हेतु अधिष्ठान मद में प्रविधानित धनराशि रू0 53,62,000/-की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्याः-68/पाँच-7/व0आ0/बजट/2018 दिनांक 05.04.2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018 दिनांक 30 मार्च, 2018 के क्रम मंे में दिये गये निर्देशों/व्यवस्था के अनुसार वसीका कार्यालय, लखनऊ के कर्मचारियों के वेतन एवं अन्य व्ययों को वहन करने हेतु वित्तीय वर्ष 2018-19 में निम्नवत् तालिका के अनुसार प्राविधानित धनराशि रू0 53,62,000/- (रूपया तिरपन लाख बासठ हजार मात्र) को अधोलिखित प्रस्तर-2 में उल्लिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

(हजार में)

क्र0सं0	मानक मद का नाम	वित्तीय वर्ष 2018- 19 में प्राविधानित धनराशि	स्वीकृति हेतु प्रस्तावित धनराशि
1	2	3	4
1-	01-वेतन	3628	3628
2-	02-मजदूरी	5	5
3-	03-मंहगाई भत्ता	363	363
4-	04-यात्रा भत्ता	5	5
5-	06-अन्य भत्ते	218	218
6-	07-मानदेय	5	5
7-	08-कार्यालय व्यय	30	30
8-	09-विद्युत व्यय	15	15
9-	11-लेखन सामग्री एवं फार्मो की छपाई	11	11
10-	12-कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	100	100
11-	13-टेलीफोन पर व्यय	10	10

12-	16-व्यवसायिक तथा विशेष सेवाएं	100		100	
13-	17-किराया उपशुल्क एवं कर स्वामित्व	2		2	
14	44-प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय	5		5	
14-	45-अवकाश यात्रा ब्यय	10		10	
15-	46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/ साफ्टवेयर का क्रय	400		400	
16-	47-कम्प्यूटर अनुरक्षण एवं तत्संबंधी स्टेशनरी का क्रय	38		38	
17-	49-चिकित्सा पर ब्यय	120		120	
18-	51-वर्दी ब्यय	10		10	
	52-पुनरीक्षित वेतन का अवशेष (राजकीय)	287		287	
		योग	53,62,000		53,62,000

रू0 53,62,000/- (रूपया तिरपन लाख बासठ हजार मात्र)

2-(1)ब्यय करने से पूर्व जिन मामलों में बजट मैनुअल और फाइनेन्शियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य अस्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम अधिकारी की स्वीकृति की आवश्यकता हो तो उसमें व्यय करने से पहले ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाये। कृपया सुनिश्चित किया जाय कि धनराशियों का व्यय प्रतिमाह कुल धनराशि का 1/4 भाग ही हो यदि किसी माह में 1/4 भाग से अधिक की धनराशि के व्यय का औचित्य पाया जाय तो उस धनराशि के व्यय करने से पूर्व शासन की अनुमति प्राप्त की जाय।

(2) स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण एकमुश्त नहीं किया जायेगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि धनराशि का कोषागार से आहरण आवश्यकतानुसार फेजिंग में सुनिश्चित किया जायेगा जो सामान्यतः 02 माह की आवश्यकता से अधिक नहीं होगी।

(3) कोषागार से धनराशि का आहरण मासिक आवश्यकतानुसार किया जायेगा तथा धनराशि को आहरित कर बैंक/डाक घर में जमा नहीं किया जायेगा।

(4) वेतन हेतु स्वीकृत धनराशि से केवल शासन द्वारा अनुमोदित पदों के विरुद्ध वेतन आदि का ही भुगतान किया जायेगा। किसी भी दशा में उक्त धनराशि से किसी अन्य मद में पुनर्विनियोग नहीं किया जायेगा।

(5) उक्त मदों पर होने वाले व्यय के संबंध में समय≤ पर वित्त विभाग द्वारा जारी किये गये मितव्ययिता संबंधी आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये किया जायेगा।

(6) वित्तीय स्वीकृतियां जारी करने/धनराशि को विभागाध्यक्ष/नियंत्रक अधिकारी के निवर्तन पर रखे जाने के सम्बन्ध में यह स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का आवंटन (एलाटमेन्ट मात्र) किसी प्रकार के व्यय करने का अधिकार नहीं देता है। जिन मामलों में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

(7) निवर्तन पर रखी जा रही धनराशि के व्यय की सूचना प्रतिमाह रूप पत्र बी0एम0-13 पर लेखाशीर्षक/मदवार प्रत्येक माह की 20 तारीख तक अवश्य उपलब्ध कराया जायेगा। आवंटित धनराशि बजट मैनुअल से संबंधित नियमों तथा शासन के अन्य आदेशों द्वारा विनियमित होगी।

3- उक्त मदों पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-48 के लेखाशीर्षक लेखा शीर्षक-"2075-विविध सामान्य सेवाएँ-800-अन्य व्यय-03- वसीका कार्यालय लखनऊ " की सुसंगत इकाईयों के नामें डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-संख्या-1/2018/बी-1-375/दस 2018-231/2018 दिनांक 30 मार्च, 2018 में प्रदत्त निर्देशों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(शेषमणि पाण्डेय)
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक उपरोक्त

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- महालेखाकर (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3- वसीकाधिकारी, वसीका कार्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।
4- वित्त एवं लेखाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
5- वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
7- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-11
8- अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-1
9- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(हरी राम)
उप सचिव।